सार-समाचार

विधिक जागरूकता के लिए वाहन रवाना

जालोर, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित मोबाइल वाहन शुक्रवार को जालोर पहुंची। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश कमल छंगानी सहित अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया। वाहन के माध्यम से विभिन्न गांवों में विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने बताया कि यह वाहन जालोर न्यायक्षेत्र में 5 मार्च तक रहेगी। इस दौरान सांचौर, भीनमाल, रानीवाडा तालुका के विभिन्न गांवों में जाएगी। वाहन के साथ अधिकार मित्र जाएंगे और लोगों को विभिन्न कानूनों, योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे। इस अवसर पर पोक्सो कोर्ट की न्यायाधीश सीमा जुनेजा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रिया टावरी, एसीजेएम 1 राजेंद्र चारण, एसीजेएम 2 अंकित दवे, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष खसाराम परिहार, प्रशिक्षु न्यायाधीश अक्षिता जैन, अलिशा मंसुरी, प्रियंका बैरवा, अधिवक्ता शंभूदान आश्या, अधिवक्ता रामसिंह चंपावत, लोक अभियोजक रणजीतसिंह, सतपाल पुरोहित, एलएडीसी चीफ अजहरूद्दीन, असिस्टेंट खुशवंतसिंह आदि मौजूद रहे। यह वाहन शुक्रवार को भंवरानी, पाणवा, बिशनगढ, आंवलोज आदि गांवों में पहुंची। इस दौरान प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ योजनाओं से संबंधित पंपलेट्स का भी वितरण किया गया।

मंदिरों पर चोरों का धावा, ग्रामीणों में रोष

रेवदर, (निसं)। रेवदर उपखंड क्षेत्र में बीते दो दिनों में अलग-अलग गांवों के तीन मंदिरों में चोरी और चोरी के प्रयास की घटनाओं ने ग्रामीणों में आक्रोश है। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। गुरुवार को विकणवास गांव स्थित सरेसी माता मंदिर में चोरों ने देर रात धावा बोलकर मंदिर से चांदी का हार, झूमर और भंडारे में रखी हजारों रुपए की नकदी चोरी कर ली। वारदात की सूचना मिलते ही रेवदर पुलिस मौके पर पहुंची। हेड कांस्टेबल रफीक मोहम्मद समेत पुलिस टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ की। वहीं मलावा गांव स्थित खेतलाजी मंदिर में भी चोरों ने चोरी का प्रयास किया, लेकिन भंडारा नहीं टूट पाने के कारण बदमाश वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो सके और मौके से फरार हो गए। मंदिर परिसर में तोडफोड के निशान मिलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं एक दिन पूर्व मगरीवाडा गांव के बाण माताजी मंदिर में भी चोरी की बडी वारदात सामने आई थी। चोर यहां से करीब दो किलो चांदी के आभूषण और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर लेकर फरार हो गए थे। डीवीआर चोरी होने से पुलिस को जांच में तकनीकी साक्ष्य जुटाने में भी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। लगातार मंदिरों को निशाना बनाए जाने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

शिव जयंती महोत्सव का कार्यक्रम हुआ

गुड़ामालानी, (निसं)। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंटआबू के तत्वावधान में शुक्रवार को ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय सेवा केन्द्र गुडामालानी में माउंटआबू बी के कृष्णा दीदी, बीके प्रदीप भाई, सांचौर से जया दीदी,थराद से बीके पुष्पा दीदी,जोसना दीदी, लीली दीदी के निर्देशन में शिव जयंती महोत्सव शोभायात्रा कार्यक्रम आयोजित हुआ। शोभायात्रा को एसबीआई बैंक मुख्य शाखा प्रबंधक मनोहर मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राणी भटियाणी कालोनी से शोभायात्रा का आगाज किया गया। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा यात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा सब्जी मंडी,राणा प्रताप बाजार, रोडवेज बस स्टैंड, जैन मोहल्ला,मंशापूर्ण बालाजी मंदिर, अहिंसा सर्किल होते हुए सेवा केन्द्र पहुंची। शौभायात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा फुल बरसाकर भव्य स्वागत किया गया । बीके कृष्णा दीदी ने शिव की आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंसान को अपने जीवन के कल्याण के लिए आत्म ज्ञान का होना आवश्यक है। इसलिए मन को शांत कर शिव की आराधना करने की बात कही। कार्यक्रम में स्थानीय सहित आसपास गांवों के लोगों ने भाग लिया।

संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा ने ली बैठक

जालोर, (कासं)। रोल पर्यवेक्षक(संभागीय आयुक्त) डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को भीनमाल विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर के सम्बंध में ईआरओ कार्यालय भीनमाल में बैठक का आयोजन हुआ। रोल पर्यवेक्षक(संभागीय आयुक्त) डॉ. प्रतिभा सिंह ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 14 फरवरी के स्थान पर अब 21 फरवरी को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने नवीन तिथि के व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने की बात कही। रोल पर्यवेक्षक(संभागीय आयुक्त) डॉ. प्रतिभा सिंह ने निर्वावक नामावली के अंतिम प्रकाशन से संबंधित प्राप्त दावें एवं आपत्तियों की उचित प्रकार से जाँच करने की बात कही। उन्होंने भीनमाल विधानसभा के भाग संख्या 169 के बीएलओ विजयसिंह व भाग संख्या 174 के बीएलओ नारायणलाल जीनगर के संपादित किए गए एसआईआर कार्यों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर भीनमाल पूजा सक्सेना, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी भीनमाल मोहित कासनियां सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

जाल वृक्ष के संरक्षण का दिया संदेश

जालोर, (कासं)। वन विभाग द्वारा पंच गौरव कार्यक्रम के तहत एक जिला-एक वृक्ष प्रजाति ''जाल वृक्ष'' के लिए शुक्रवार को नगर परिषद परिसर जालोर से प्रभात फेरी निकाली गई जिसे अतिरिक्त जिला कलक्टर जालोर राजेश मेवाड़ा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी नगर परिषद जालोर से रवाना होकर अस्पताल चौराहा-हरिदेव जोशी सर्किल-वन वे रोड़ होते हुए पुन: नगर परिषद परिसर पहुँची। प्रभात फेरी के माध्यम से जाल वृक्ष की उपयोगिता के बैनर्स के साथ जाल वृक्ष संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हमें पर्यावरण संरक्षण हेतु सार्थक कदम उठाने होंगे तथा वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों के बढ़ते प्रभाव व ग्लोबल वार्मिंग की रोकथाम हेतु सामूहिक प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर सेवानिवृत मुख्य वन संरक्षक उमाराम चौधरी, उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण, सहायक वन संरक्षक भंवरसिंह सोढा, रामकिशन रिणवा सहित विभागीय अधिकारी कार्मिक, स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जालोर महोत्सव-2026 के लिए सुझाव मांगे

जालोर, (कासं)। जालोर महोत्सव-2026 के आयोजन को लेकर जालोर विकास समिति के सदस्यों में व्यापक विचार-विमर्श किया गया हैं तथा जालोर महोत्सव-2026 के आयोजन को लेकर जन समुदाय, हितधारकों, सामाजिक संगठनों से सुझाव मांगे गए हैं। जालोर विकास समिति के सचिव मोहन पाराशर ने बताया कि इस वर्ष से वर्तमान में नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों की परीक्षा तिथियों में व्यापक बदलाव के फलस्वरूप माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएँ 12 फरवरी से आयोजित होने के कारण जिला प्रशासन से व्यापक विचार-विमर्श पश्चात् जालोर महोत्सव की आयोजन तिथि में बदलाव किया गया। जालोर विकास समिति द्वारा जालोर महोत्सव-2026 के आयोजन को लेकर जिले के सभी जन समुदाय, हितधारकों, सामाजिक संगठनों से निवेदन किया गया हैं कि वे जालोर महोत्सव 2026 के आयोजन की तिथि/अवधि सम्बधी अपने सुझाव जालोर महोत्सव की ई-मेल आई.डी.अथवा वाट्सअप नम्बर 8769995853 पर भेजें। इस सम्बन्ध में कोई रचनात्मक सुझाव जानकारी हो तो भी अपना नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर सहित भेजे जिससे उस पर विचार कर उचित निर्णय लिया जा सकें।

जनगणना के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

जालोर, (कासं)। निदेशालय, जनगणना कार्यालय, राजस्थान के निर्देशानुसार प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को सामतीपुरा रोड़ स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जनगणना वर्ष 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आरम्भ हुआ। प्रथम चरण में दिनांक 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य करवाया जायेगा।

युवक पर फायरिंग

रेवदर, (निसं)। पांच से छ: लोग एकराय होकर एक फाइनेंस ऑफिस पहुंचे, जिसमें से दो युवकों ने अन्दर घुसने के बाद एक कर्मचारी पर पिस्टल से तीन राउंड फायरिंग की। कर्मचारी टेबल के पीछे छुप गया। सूचना के बाद डिप्टी मनोज गुप्ता मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। दिन दहाड़े हुई फायरिंग से क्षेत्र में दहशत का माहौल हो गया। पुलिस जांच कर रही है।

मारवाड़ के लोगों की अपणायत ही मेरी पूंजी है : गज सिंह

जोधपुर, (का.सं.)। पूर्व महाराजा गज सिंह की असाधारण व उल्लेखनीय जीवन यात्रा पर आधारित पुस्तक '' बापजी : महाराजा आफ मारवाड़ जोधपुर : दी किंग हू वुड बी मैन '' का शुक्रवार को मेहरानगढ़ फोर्ट के चौकेलाव गार्डन में गज सिंह जी द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर पूर्व महारानी हेमलता राज्ये, लेखक अमन नाथ व योगी वैद्य उपस्थित थे।

मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अजय सिंह शेखावत ने बताया कि यह पुस्तक लेखक अमननाथ व योगी वैद्य द्वारा लिखी गई है एवं मैपिंग पब्लिशिंग प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद द्वारा प्रकाशित की गई है। पुस्तक 185 पृष्ठ की है। इसमें गज सिंह व जोधपुर राज परिवार के दुर्लभ और नये चित्रों का समावेश किया गया है। पुस्तक में गज सिंह व जोधपुर के पूर्व राज परिवार के बारे में बेहतरीन जानकारी का उल्लेख किया गया है।



पूर्व महाराजा गज सिंह की असाधारण जीवन यात्रा पर आधारित पुस्तक '' बापजी : महाराजा आफ मारवाड़ जोधपुर : दी किंग हू वुड बी मैन '' का मेहरानगढ़ फोर्ट के चौकेलाव गार्डन में विमोचन हुआ।

राजेन्द्र सिंह लीलियां पी.आर.ओ. उम्मेद भवन पैलेस हाउस होल्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए गज सिंह ने कहा कि काफी समय से लोगों द्वारा कहा जा रहा था कि उनके बारे में एक पुस्तक लिखी जाए। लेखक अमननाथ व योगी वैद्य द्वारा यह अच्छा व सराहनीय प्रयास किया गया और उनकी जीवन यात्रा के बारे में पुस्तक लिखी गयी भी है। डॉ महेंद्र सिंह तंवर ने भी इन दोनों का सहयोग किया। उन्होंने कहा कि मुश्किल समय में अपनी विरासत को संभालना और उसे दुनिया भर में पहचान देना '' द किंग हू वुड बी मैन '' की सच्ची कहानी है। पुस्तक में उनके व परिवार के बारे में लिखा गया है। अनेक दुर्लभ चित्र इसमें लगाए गए हैं जो पहले कही प्रकाशित नहीं हुए । अनेक नए चित्र भी शामिल किए गए हैं। उनके जन्म से लेकर अब तक की जीवन यात्रा के बारे में इसमें बेहतर तरीके से उल्लेख किया गया है। राज परिवार के बारे में उल्लेख किया गया है। राज परिवार का जनता से सीधे जुड़ाव का उल्लेख किया गया है। यह पुस्तक पर्याप्त पठनीय व सांस्कृतिक महत्व की पुस्तक है । उन्होंने कहा उनके जन्म के चार वर्ष की उम्र में पिता महाराजा हनवन्त सिंह जी की कम उम्र में ही हवाई दुर्घटना में निधन के बाद संघर्षमय व विकट परिस्थितियों में 4 वर्ष उम्र में ही उनका महाराजा के रूप में राजतिलक होना ,मां राजमाता कृष्णा कुमारी द्वारा मुझे व बहनों को पढ़ाई के लिए बाहर भेजना, 8 वर्ष की उम्र में उन्हे इंग्लैंड पढ़ने भेजना उनका एक सही व हिम्मतवाला निर्णय था।

उन्होंने कहा कि देश की आजादी से कुछ माह बाद उनका जन्म हुआ था । 7 अप्रैल 1949 में जोधपुर रियासत का भारत में विलय हुआ। उन्होंने कहा कि जोधपुर राज परिवार की विरासत का प्रभाव रहा है।

इस विरासत में एक आदमी की छवि बसी हुई है और वह है बाप जी। जो 4 वर्ष की उम्र में ही राजा बने फिर सामाजिक व सांस्कृतिक रूप से मारवाड़ की आत्मा से गहराई से जुड़ गए। मारवाड व जोधपुर के लोगों का उनके प्रति सम्मान ही उनकी पूंजी है, जिसे हमेशा संजोये रखे हुए हैं । बदलाव के बावजूद जोधपुर के लोगों का प्यार व सम्मान बना हुआ। उन्होंने कहा आप जो भी कार्य करें उसे पूरे समर्पण के साथ करें, अपनी विरासत को बचाकर रखें , इस समाज में लीडरशिप की भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि उनके जीवन को अच्छे तरीके से आकार देने, कार्य करने में,सांस्कृतिक मूल्यों में दादा महाराजा उम्मेद सिंह जी ,पिता महाराजा हनवन्त सिंह जी, मां कृष्णा कुमारी जी का काफी प्रभाव रहा। साथ ही बहिने शैलेश कुमारी जी व चंद्रेश कुमारी जी ,पत्नी हेमलता राज्ये ,पुत्र शिवराज सिंह , पुत्री शिवरंजनी राज्ये व बहू युवरानी गायत्री राज्ये सभी का सहयोग रहा है। उन्होंने दोनों लेखको के प्रति आभार व्यक्त किया।

समारोह को पुस्तक के लेखक अमननाथ व योगी वैद्य ने संबोधित किया और पुस्तक के प्रकाशन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। गज सिंह ने पुस्तक की पहली प्रति पंजाब के सूफी कलाकार मदन गोपाल सिंह को अपने हस्ताक्षर करके भेंट की। उम्मेद भवन पैलेस हाउसहोल्ड के जोधपुर जवारात के प्रबंधक मनोज मालानी ने बताया कि समारोह समाप्ति के बाद में इस पुस्तक के लिए काउंटर से पुस्तक क्रय करने की लोगों में होड़ मची व पुस्तक क्रय करने के बाद में उनके द्वारा गज सिंह के हस्ताक्षर करवाए गए।

बाड़मेर की कीर्तिका चौहान ने बताया कि गज सिंह के प्रति सम्मान के कारण वह बाड़मेर से पुस्तक क्रय करने और इस विमोचन समारोह में शामिल होने आई है।

इस अवसर पर गज सिंह के इंग्लैंड में कॉलेज के मित्र डेविड कैंविल, प्रिंस जॉर्ज गिलिट्सिन, कैपवेल सहित चौपासनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष रावल किशन सिंह, गायत्री कुमारी, महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केंद्र के सहायक निदेशक डॉ महेंद्र सिंह तंवर, सीनियर सिक्योरिटी मैनेजर किशनवीर सिंह राठौड़ सहित कई जने मौजूद थे। मेहरानगढ़ म्यूजियम की क्यूरेटर सुनैयना राठौड़ ने कार्यक्रम का संचालन किया।

रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी को मिली धमकी के मामले में नहीं हुई कार्रवाई

जालोर, (कासं)। रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी द्वारा पिछले दिनों सोशल मीडिया पर अपने परिवार और स्वयं पर जानलेवा हमले की आशंका जताने के बाद जिले की राजनीति और प्रशासनिक हल्कों में चर्चा का विषय बन गया था। विधायक द्वारा खतरे की आशंका जाहिर किए जाने के बावजूद अब तक करीब चार महिने बीत चुके हैं, लेकिन जालोर पुलिस की ओर से सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

विधायक रतन देवासी ने पिछले दिनों अपने ट्वीट में सुंधा माता मंदिर ट्रस्ट सहित पिछली सरकार के एक पूर्व मंत्री व उसके बेटे पर जानलेवा हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया था। इस बयान के बाद क्षेत्र की राजनीति गरमा गई और समर्थकों में काफी नाराजगी भी देखने को मिली थी। इसी मुद्दे को लेकर विधायक देवासी ने रानीवाड़ा में सभा आयोजित कर अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की थी। सभा में उन्होंने कहा कि जब प्रदेश का एक जनप्रतिनिधि ही स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है, तो आम जनता की सुरक्षा का अंदाजा आसानी से कैसे लगाया जा सकता है। सभा के बाद विधायक देवासी जालौर पुलिस अधीक्षक से मिलकर सुरक्षा की मांग करने वाले थे, लेकिन बाद में मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद जिले के कई जनप्रतिनिधियों ने भी विधायक की सुरक्षा को लेकर अपनी-अपनी राय व्यक्त की थी।

जालोर-सिरोही के पूर्व सांसद देवजी एम. पटेल ने भी विधायक देवासी की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की थी, लेकिन अब तक इस मामले में कोई सख्त कार्रवाई सामने नहीं आई है। इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई स्पष्ट बयान जारी नहीं किया गया है। वहीं विधायक समर्थकों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं की गई, तो यह बड़ा सुरक्षा जोखिम बन सकता है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों और सुरक्षा की मांग के बाद प्रशासन पर निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई का दबाव लगातार बढ़ रहा है। अब सभी की नजर प्रशासन और पुलिस की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है। रानीवाडा पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ने भी सोशल मीडिया पर देवासी के ट्विट पर राजनैतिक स्टंट बताया था। उन्होंने अपने एक सोशल मीडिया पर देवासी के खिलाफ कई कमेंट भी किए थे। जिसको लेकर रानीवाड़ा में आयोजित सभा मे विधायक देवासी ने पूर्व ब्लांक अध्यक्ष पर भी कई आरोप लगाए थे, लेकिन अभी तक कार्यवाही नहीं हुई।

रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी ने ट्विट कर यह आशंका जाहिर की थी कि अपने परिवार की सुरक्षा के लिए सही समय है।

वर्षों से मेरा परिवार पिछली सरकार के एक पूर्व मंत्री, उनके बेटे और कई अन्य अधिकारियों से धमकियों का सामना कर रहा है। वे कथित तौर पर जालोर, सिरोही के कुछ व्यक्तियों और सुंधा माता मंदिर के ट्रस्टियों के समर्थन से मेरे परिवार को नुकसान की कोशिश कर रहे हैं।

भक्ति गीतों के साथ फेस्टिवल शुरू

जोधपुर, (कासं)। मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के तत्वावधान में तीन दिवसीय 17वां सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल शुरू हो गया। यह आयोजन मेहरानगढ़ दुर्ग में हो रहा है। इसमें तीन दिन तक देश-विदेश के मशहूर कलाकार सूफी संगीत, नृत्य और लोक परंपराओं की स्वर लहरियां बिखेरेंगे। पूर्व नरेश गज सिंह और गॉर्डन मैथ्यू संनर स्टिंग के संरक्षण में फेस्टिवल का आयोजन हो रहा है।

मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के प्रशासक कर्नल अजय सिंह शेखावत ने बताया कि आज सुबह जसवंत थड़ा पर अनवर खान मांगणियार के साथ महिलाओं के भक्ति गीतों का आयोजन हुआ। इसके बाद चौखेलाव गार्डन में वंदना गाडवी के भजन और रजिया सुल्तान का सूफी गायन हुआ। शाम को सनसेट कंसर्ट में चाइनीज कोर्ट म्यूजिक और सूफी नाइट का कार्यक्रम हुआ। 14 फरवरी को सुबह सात बजे जसवंत थड़ा पर मांगणियार गांव का प्रदर्शन, शाम 5 बजे राव जोधा डेजर्ट रॉक पार्क में साबिर खान, रात 7.30 बजे जनाना ड्योढ़ी में सत्रिया नृत्य, चाइनीज म्यूजिक, ध्रुपद भजन और बाद में जींद जौरी, अंबी सुब्रमण्यम की जुगलबंदी देखने को मिलेगी। 15 फरवरी को सुबह 7 बजे रजिया सुल्तान के सूफी गीतों के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल का मकसद पारंपरिक लोक संगीत-नृत्य को बढ़ावा देना और लोगों को सूफी संस्कृति से जोडऩा है। इसमें राजस्थानी और विदेशी कलाकारों की जुगलबंदी दर्शकों को रोमांचित करेगी। फेस्टिवल में चीन के लिंगलिग वेनेकी गू, जियान ग्रुई लू, क्लेमेंट जैनी, स्पेन के एपेरनलोपेज, अनाइस ओलिवरास, तुर्की के मेटे एडमैन, एमरेइसिक, ताजिकिस्तान के अक्नाजर अलोवातोव, कुशबख्त नियजोन, ईरान के नगीब शानबेहजादेह, ट्यूनिशिया के जींद जौरी समेत कई देशों के कलाकार शिरकत कर रहे है। जोधपुर के साबिर खान, पंजाब के सूफी गायक मदन गोपाल सिंह, रजिया सुल्तान, बैंगलोर के अंबी सुब्रमण्यम, कोणार्क रेड्डी, अनवर खान मांगणियार, मुजफ्फर रहमान, मुस्तफा खान, हनीफ खान, घेवर खान मांगणियार आदि भाग ले रहे है।

जे.डी.ए. में कार्यकारी समिति की बैठक हुई

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण कार्यकारी समिति की बैठक उत्साह चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। बैठक में प्राधिकरण सचिव चंचल वर्मा, निदेशक, उपायुक्त, जिला कलक्टर कार्यालय, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, डिस्कॉम, नगर निगम, रीको, आरएसआरटीसी, पर्यटन सहित विभिन्न विभागों से उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यकारी समिति की बैठक में गत बैठक 9 दिसबर में लिए गए निर्णयों की पुष्टि की गई। बैठक में जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर में मंत्रालयिक संवर्ग के स्वीकृत पदों के पुनर्गठन के प्रस्ताव, प्राधिकरण की ओर से माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर में पैरवी करने हेतु पैनल अधिवक्ता की नियुक्ति के प्रस्ताव, जेडीए के मास्टर डवलपमेंट प्लान व जोनल डवलपमेंट प्लान की प्रस्तावित सड़क के क्रियान्वयन के प्रस्ताव, ग्राम चैपासनी जागीर में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता क्लिनिक संचालन को लेकर भवन की सशर्त अनुमति के प्रस्ताव सहित विभिन्न प्रकरणों पर विचार-विमर्श करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए।

विवेक विहार योजना जोधपुर में सेक्टर-ए में शताब्दी सर्किल पर स्थित ट्रांसपोर्ट एरिया में बस टर्मिनल विकसित किए जाने हेतु नीलामी की शर्तों में संषोधन के प्रस्ताव, मुख्यमंत्री जन आवास योजना-2015 के अन्तर्गत ग्राम तनावड़ा द्वितीय में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी के निर्माण हेतु प्राप्त दरों की स्वीकृति के प्रस्ताव, जोधपुर विकास प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार में विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक नवीन योजनाओं सडकों नाले व योजनाओं के सीमाकंन व मुटाम कार्य के लिए सर्वे कार्य की दर एवं कार्यादेश अनुमोदन के प्रस्ताव तथा ग्राम उजलिया आईओसीएल से लाछा बासनी होते हुए रिंग रोड तक अप्रोच सड़क निर्माण कार्य के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

बैठक में विभिन्न विकास कार्यों यथा मण्डलनाथ आवासीय योजना एवं महात्मा गांधी आवासीय योजना में विद्युतीकरण कार्य, उद्योग विहार योजना क्षेत्र में 33 केवी लाईन एवं 33/11 केवी सब स्टेशन के कार्य, खेंमे का कुंआ पाल रोड से नन्दवन ग्रीन के सामने से नाले तक आवासीय बसावट के बीच से गुजर रही 132 केवी हाईटेंशन लाईन को भूमिगत करने के कार्य, प्राधिकरण योजना राजीव गांधी कॉलोनी सेक्टर-डी एवम् ई की मुख्य सड़कों का निर्माण कार्य, जयनारायण व्यास टाउन हॉल की सेफ्टी ऑडिट आईआईटी जोधपुर से करवाने के कार्य एवं जोजरी नदी के जीर्णोद्धार एवं प्रदूषण निवारण की दृष्टि से जोजरी नदी के आस पास के क्षेत्र में सीवरेज नेटवर्क बिछाने तथा इस नेटवर्क को डिजाइन अनुसार प्रस्तावित नए एसटीपी से जोडे जाने को लेकर डीपीआर कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियों के प्रस्तावों सहित कुल 24 प्रकरणों पर चर्चा हुई।

रेलवे मोबाइल मजिस्ट्रेट की कार्रवाई से अवैध रिक्शा चालकों में हड़कंप

जोधपुर, (कासं)। रेलवे स्टेशन क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु व सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार अलसुबह मोबाइल मजिस्ट्रेट एवं रेलवे मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में विशेष संयुक्त अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान स्टेशन परिसर व आसपास के क्षेत्रों में अवैध रूप से खड़े रिक्शा एवं ई-रिक्शा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

जोधपुर रेलवे स्टेशन क्षेत्र सामान्यत: ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान के समय अत्यधिक व्यस्त रहता है। स्टेशन सर्किल एवं पार्किंग क्षेत्र में अवैध रूप से खड़े रिक्शा यात्रियों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न कर रहे थे।

संयुक्त कार्रवाई के चलते स्टेशन क्षेत्र का नजारा पूरी तरह बदला हुआ नजर आया।

जोधपुर रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस व सूर्यनगरी एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों के दौरान भी यातायात पूरी तरह सुगम बना रहा।

रेलवे फ्लाइंग स्क्वॉड के सीटीआई राजेश शर्मा ने बताया कि रेलवे मजिस्ट्रेट परिणय जोशी के नेतृत्व में आरपीएफ निरीक्षक लक्ष्मण गौड़ एवं उनकी टीम द्वारा स्टेशन परिसर में सघन जांच अभियान चलाया गया।

इस दौरान अवैध रूप से पार्क किए गए रिक्शा व ई-रिक्शा को डिटेन किया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

वहीं मोबाइल मजिस्ट्रेट दिलीप चौधरी के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस ने स्टेशन के बाहर निकलने वाले सभी मार्गों पर विशेष चेकिंग की।

निरीक्षक रमेश खिण्डिया, उपनिरीक्षक रामसिंह सहित 20 से अधिक पुलिसकर्मियों की टीम ने बिना कागजात,बिना परमिट,लापरवाही से वाहन चलाने व शराब पीकर वाहन चलाने के मामलों में कार्रवाई करते हुए कई ऑटो रिक्शा सीज किए।

जोधपुर के इतिहास में पहली बार हुई इस व्यापक संयुक्त कार्रवाई से अवैध एवं बिना परमिट चलने वाले रिक्शा चालकों में हड़कंप मच गया। परिणामस्वरूप पूरे दिन ऐसे चालकों ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र का रुख नहीं किया।

50 वाहन सीज,100 से अधिक चालान

संयुक्त अभियान के दौरान रेलवे एक्ट व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 100 से अधिक चालान बनाए गए तथा लगभग 50 वाहनों को सीज किया गया। मोबाइल मजिस्ट्रेट द्वारा करीब 30 ऑटो रिक्शा सीज कर 100 के आसपास चालान बनाए गए। रेलवे फ्लाइंग स्क्वॉड ने 20 ऑटो रिक्शा डिटेन कर 40 चालान बनाए।

पत्रकार बनवारीलाल दीक्षित पंचतत्व में विलीन

चूरू, (निसं)। गुरुवार को चूरू के सबसे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं चूरू जिला पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष रहे बनवारी लाल दीक्षित पूर्व लोक अभियोजक का निधन होने पर प्रदेश में वरिष्ठ अधिवक्ताओं व मीडियाकर्मियों में शोक की लहर छा गई। उनका दाह संस्कार बागला मुक्तिधाम में किया।

बनवारी लाल दीक्षित के पुत्र नरेन्द्र दीक्षित पत्रकार व डॉ. योगेश दीक्षित ने अंतिम मुखाग्नी दी। उन्होंने अपने जीवनकाल में 62 वर्ष सक्रिय वकालत की जिसमें दो बार चूरू जिला लोक अभियोजक का कार्य संभाला व विभिन्न नगरपालिकाओं के विधि सलाहकार भी रहे। बनवारी लाल दीक्षित प्रदेश के सबसे पुरानों में एक दैनिक राष्ट्रदूत से करीब 50 वर्षों से अधिक समय से जुड़े रहे। उन्होंने राष्ट्रदूत के संस्थापक हजारी बाबू के सानिध्य से पत्रकारिता की शुरुआत की थी। और हजारी बाबू के पदचिन्हों का अनुसरण किया और उन्हीं की भांति सैद्धांतिक व निर्भीक पत्रकारिता से जीवन पर्यंत कार्य किया।

महाशिवरात्रि पर विशेष पूजन होगा

पाली, (नि.सं.)। श्रीमाली ब्राह्मण समाज की ओर से महाशिवरात्रि पर्व रविवार को स्टेशन रोड स्थित आम्लेश्वर मंदिर में संपूर्ण दिवस एवं पूरी रात्रि अभिषेक पूजन किये जायेंगे। चारों वेदों के वैदिक मंत्रों से चार प्रहर की अलग अलग प्रकार से पूजा अर्चना की जायेगी। चारों प्रहरों में अलग अलग विशेष अर्घ्य विशेष महाप्रसाद भगवान को अर्पित होंगे। 151 साधकों द्वारा सामूहिक रूप से 35 शिवलिंगों का अभिषेक किया जायेगा।

संयोजक रविशंकर दवे ने बताया कि प्रात: से ही मंदिर में वैदिक मंत्रोंच्चार गुंजायमान होंगे। वहीं संध्या पश्चात् पूर्ण रात्रि वाराणसी के प्रख्यात आचार्यगण प्रसून चतुर्वेदी एवं आचार्य कृष्ण कांत मिश्रा के सानिध्य में महाभिषेक कार्यक्रम आयोजित होगा। स्थानीय आचार्यो व विद्वान पूजारी पंडित कृष्णकांत मिश्रा के सहयोग से अभिषेक व स्तुति किये जायेंगे। वाराणसी के आचार्य सामूहिक अभिषेक करेंगे।

निम्बेश्वर महादेव पशु मेला शुरू

पाली, (नि.सं.)। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शुक्रवार को जिले के सांडेराव में आयोजित श्री निम्बेश्वर महादेव पशु मेला का शुभारंभ किया। ये मेला जिला प्रशासन एवं पशुपालन विभाग द्वारा 13 से 17 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जायेगा।

इस अवसर पर मेले में जनसमूह को संबोधित करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व राज्य सरकार ने पशुपालन विभाग के अन्दर पशुपालकों व पशुओं के कल्याण के लिये अनेक योजना चलायी है। जिनमें मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, पशुओं को रियायती दरों पर दवाओं का वितरण व विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्तियां, विभिन्न भर्तियां आदि है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री निम्बेश्वर महादेव पशु मेला का आयोजन 35 वर्षो के